आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 16.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- इसरो ने स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया।
- प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए 3 हजार 500 खेल स्वयं सेवकों की तैनाती की जाएगी।
- उत्तरकाशी जिले के सेब काश्तकारों को उद्यान विभाग अनुदान पर उच्च गुणवत्ता की पौध उपलब्ध कराएगा।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश से तापमान में गिरावट।

स्पेडेक्स मिशन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इसके साथ ही अमरीका, रूस और चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन आदि के लिए जरूरी है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन आगामी वर्षों में देश के महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि को अविश्वसनीय बताया है। डॉक्टर सिंह ने कहा कि यह पूरी तरह से स्वदेशी भारतीय डॉकिंग प्रणाली है। यह प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान–4 और गगनयान सहित भविष्य के महत्वकांक्षी मिशनों के निर्बाध संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

राष्ट्रीय खेल आयोजन– तैयारियां

उत्तराखंड 28 जनवरी से 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बड़े आयोजन के लिए एक हजार दो सौ विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों और दो हजार तीन सौ सामान्य स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। राष्ट्रीय खेल महासंघ भारतीय के माध्यम से विशिष्ट स्वयंसेवकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। ये स्वयंसेवक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों का अनुभव रखते हैं और ये राज्य में खेल संबंधित व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, सामान्य स्वयंसेवक पार्किंग, मेहमानों की व्यवस्था और अन्य कार्यों में योगदान देंगे।

राष्ट्रीय खेल सचिवालय के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत आर्या ने बताया कि चयनित सभी स्वयंसेवकों को ऑनलाइन ट्रेनिंग और व्यवहार प्रशिक्षण दिया गया है। विशिष्ट स्वयंसेवकों को प्रतिदिन एक हजार जबकि सामान्य स्वयंसेवकों के पांच सौ रुपए का मानदेय दिया जाएगा।

बैठक

इस बीच, देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार, कलेक्ट्रेट में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यक्रम स्थल के पास पार्किंग, यातायात, और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त, पुलिस क्षेत्राधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्थल का निरीक्षण कर तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

स्टार्टअप नौ वर्ष पूरे

केंद्र सरकार की प्रमुख पहल स्टार्टअप के आज नौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य देश में स्टार्टअप उद्यमों को बढावा देना तथा नवाचार और उद्यमिता के लिए अनुकूल, सुदृढ़ और समावेशी माहौल बनाना है। स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत भारत को रोजगार तलाशने वाले देश की जगह रोजगार सृजित करने वाला देश बनाने के लिए अनेक प्रयास किये गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों ने 'कारोबार में आसानी' पर ध्यान केंद्रित किया है, संसाधनों तक अधिक पहुँच सुनिश्चित की है और हर मोड़ पर स्टार्टअप का समर्थन किया है। श्री मोदी ने हर युवा से स्टार्टअप शुरू करने का आग्रह किया।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों को उनके विभाग के तहत संचालित की जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये है। सचिवालय में हुई  समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने केंद्र सरकार की क्षमता निर्माण आयोग की सदस्य डॉ अलका मित्तल से सरकारी कार्मिकों की तरह ही नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों के लिए विकसित भारत सहित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और जागरूकता से संबंधित प्रशिक्षण की व्यवस्था करने का भी अनुरोध किया।

## सेब उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले के सेब काश्तकारों को उद्यान विभाग अनुदान पर उच्च गुणवत्ता की पौध उपलब्ध कराएगा। इसके लिए विभाग की ओर से सबसे अधिक राजकीय उद्यान केंद्र द्वारी और जरमोला में सेब की पौध तैयार की गई है। जिला उद्यान अधिकारी डी.के तिवारी ने बताया कि वर्तमान में विभाग के पास 18 हजार पौध बिक्री के लिए हैं। इसका बाजार मूल्य 300 है, लेकिन काश्तकार को इसका मात्र 40 प्रतिशत ही देना होगा। वहीं जिले से बाहर के बागवानों के लिए मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना और एप्पल मिशन के तहत अपने जिले के जिला उद्यान अधिकारी से पत्र लिखवाकर लाना होगा, ताकि उन्हें अनुदान दिया जा सके। गौरतलब है कि जिले के मोरी विकासखंड के पर्वत और बंगाण क्षेत्र सहित नौगांव, पुरोला और हर्षिल घाटी में सेब का उत्पादन होता है। यहां पर सेब काश्तकारों को उच्च गुणवत्ता के पौध के लिए हिमाचल प्रदेश और अन्य स्थानों की ओर रुख करना पड़ता था। अब उद्यान विभाग की इस पहल से काश्तकारों को सुविधा होगी।

## मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज हिमपात हुआ है। चमोली जिले में बदरीनाथ, हेमकुड साहिब, औली और देवाल नंदनगर क्षेत्र में बर्फबारी हुई। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में भी बर्फबारी के समाचार हैं। वहीं, राजधानी देहरादून सहित तड़के प्रदेश के निचले हिस्सों में हल्की बारिश हुई। बर्फबारी और बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। उधर, कुमाऊं क्षेत्र के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी और पाला पड़ने के चलते सड़कों पर सुरक्षा के दृष्टिगत नमक और चूने का छिड़काव किया जा रहा है। कुमाऊं आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों को बर्फबारी से प्रभावित सड़कों पर यातायात सुचारू करने के लिए बर्फ और मलबा हटाने वाली मशीने और गैंग की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं।

## चार धाम प्राधिकरण

प्रदेश में चार धाम यात्रा प्राधिकरण बनाने के लिए पर्यटन विभाग तैयारियों में जुटा है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि इसके लिए चार धाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा देने सहित कई अन्य विषयों पर शासन स्तर पर बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के लिए विभिन्न विभागों के सुझाव लिए जाएंगे।

श्री महाराज ने इस बात पर जोर दिया कि हरिद्वार और ऋषिकेश से यात्रा करने वाले अन्य प्रदेश के वाहनों के जीएसटी बिल का लाभ भी उत्तराखंड को मिलना चाहिए।

चुनाव प्रशिक्षण चम्पावत

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में चम्पावत में पीठासीन और मतदान प्रथम कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले की चारो निकायों में 40 मतदान केंद्र बनाये गए है। उन्होंने बताया कि 72 पीठासीन अधिकारियों और इतने ही मतदान प्रथम कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। उधर, बागेश्वर जिले में निकाय चुनाव को निष्पक्ष, और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई की मौजूदगी में मतगणना के लिए तैनात 124 कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इसके तहत नगर पालिका परिषद बागेश्वर में रिजर्व सहित 52 और नगर पंचायत गरूड़ व कपकोट में 36–36 कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 19 जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नं– 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं।